I/9633/2023

**सं. डीएसटी/04/2022-स्था.III**
**भारत सरकार**
**विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय**
**विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग**

**विज्ञापन सं. डीएसटी/04/2022-स्था.III**
**(पुनः विज्ञापन)**

**विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग में वैज्ञानिक 'जी' के 01 पद को प्रतिनियुक्ति आधार पर [अल्पकालिक आधार (आईएसटीसी) सहित] भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।**

**पद नाम :** **वैज्ञानिक 'जी'**

1. **वेतन मैट्रिक्स में स्तर**: वेतन मैट्रिक्स 144200-218200 रुपये में स्तर-14, (पूर्व-संशोधित 37400-67000 रुपये और ग्रेड वेतन 10,000 रुपये)
2. **रिक्तियों की कुल संख्या** : एक **(01)**
3. **भर्ती का तरीका**: प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित)
4. **पद की प्रकृति**: स्थायी
5. **प्रतिनियुक्ति की अवधि**: तीन वर्ष
6. **अर्हता**

i. भारत या विदेश में केंद्र सरकार या राज्य सरकारों या विश्वविद्यालयों या मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों या अर्ध सरकारी या सांविधिक या स्वायत्त संगठनों में कार्यरत वैज्ञानिक या प्रौद्योगिकीविद्, जिन्होंने:(i) नियमित आधार पर समान पद धारण किया हुआ है; या (ii) मूल संवर्ग या विभाग में वेतन मैट्रिक्स रु.131100-216600 में वेतन स्तर **13**ए (पूर्व संशोधित वेतन बैंड-4, 37400-67000 रुपये और ग्रेड वेतन 8900 रुपये) में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद प्रदत्त ग्रेड में दो साल की सेवा दी है; या (iii)मूल संवर्ग या विभाग में वेतन मैट्रिक्स 123100-215900 रुपये के वेतन स्तर **13**(पूर्व-संशोधित वेतन बैंड -4, 37400-67000 रुपये और ग्रेड वेतन 8700 रुपये) में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद प्रदत्त ग्रेड में चार साल की सेवा दी है और;

ii. जिनकी शैक्षिक योग्यता और अनुभव निम्नानुसार है:

**योग्यता और अनुभव:**

-

**अनिवार्य:**

i. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या समकक्ष से प्राकृतिक या कृषि विज्ञान में डॉक्टरेट की डिग्री या इंजीनियरिंग या प्रौद्योगिकी या चिकित्सा में मास्टर डिग्री।

ii. औद्योगिक और शैक्षणिक संस्थानों या विज्ञान और प्रौद्योगिकी संगठनों या वैज्ञानिक गतिविधियों और सेवाओं में अनुसंधान और विकास में पंद्रह वर्ष का अनुभव, जिसमें से

सात वर्षों का अनुभव विज्ञान और प्रौद्योगिकी कार्यक्रम के प्रशासन, योजना, विकास और सहयोग में हों;

iii. विज्ञान और प्रौद्योगिकी कार्यक्रम के विकास, प्रबंधन और निर्देशन का अनुभव; और

iv. उच्च मानक का प्रकाशित शोध कार्य।

**वांछनीय :**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या अनुसंधान संस्थान से प्राकृतिक या कृषि विज्ञान में पोस्ट डॉक्टरेट अनुसंधान अथवा इंजीनियरिंग या प्रौद्योगिकी या चिकित्सा में डॉक्टरेट की डिग्री, जिसे उस विश्वविद्यालय या संस्थान द्वारा प्रमाणित किया गया हो और प्रतिष्ठित जर्नलों में शोध कार्य का प्रकाशन।

**टिप्पणी 1:** अनिवार्य योग्यता प्राप्त करने में व्यतीत की गई अवधि की गणना अनुभव में नहीं की जाएगी। हालांकि, किसी विश्वविद्यालय या शोध संस्थान में पोस्ट डॉक्टरेट अनुसंधान पर व्यतीत की गई अवधि, जिसे ऐसे विश्वविद्यालय या संस्थान द्वारा प्रमाण-पत्र द्वारा प्रमाणित किया गया हो और प्रतिष्ठित जर्नलों में शोध कार्य के प्रकाशन में व्यतीत अवधि, अधिकतम दो वर्षों तक, कोअनुभव के रूप में गिना जाएगा।

**टिप्पणी 2:**प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसमें उसी या केंद्र सरकार के किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले किसी अन्य संवर्गेतर पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि शामिल है, आमतौर पर **तीन साल से अधिक नहीं होगी**, जिसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से अधिकतम 5 वर्षों तक वर्ष-दर-वर्ष आधार पर आगे बढ़ाया जा सकता है।

**टिप्पणी 3:**फीडर श्रेणी के विभागीय उम्मीदवार, जो लोचशीन अनुपूरक स्कीम (एफसीएस) के तहत यथास्थान पदोन्नति की कतार में हैं, संवर्गेतरपद, जिसके लिए वे फीडर ग्रेड अधिकारी नहीं हैं, को छोड़कर प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति हेतु विचार किए जाने के लिए पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार, प्रतिनियुक्त व्यक्ति एफसीएस के तहत यथास्थान पदोन्नति के लिए पात्र नहीं होंगे।

**टिप्पणी 4:** प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

*7.* <u>सामान्य</u>

i. विभाग बिना कोई कारण बताए किसी भी समय नियुक्ति को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

ii. विहितअनिवार्य अर्हताएं न्यूनतम हैं और उक्त अर्हताएं धारित करने मात्र से कोई अभ्यर्थीसाक्षात्कार हेतु आमंत्रित किए जाने का हकदार नहीं होगा। यदि विज्ञापन के उत्तरमें बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त होंगे तो सुनिर्धारित मानदंडों जिनमेंवांछनीय अर्हताएं होना और/या विज्ञापन में विहित अनुभव होना और/अथवा विभाग कीविशिष्ट अपेक्षा के अनुरूप किसी क्षेत्र विशेष में अर्हताएं/अनुभवरखनाशामिल होगा, केआधार पर विभाग द्वारा लघुसूचीयन प्रक्रिया के जरिए साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किएजाने वाले अभ्यर्थियों की संख्या तर्कसंगत रूप में सीमित रखी जाएगी। साक्षात्कारहेतु नहीं बुलाएगए/नियुक्ति हेतु नहींचयन किए गए अभ्यर्थियों से कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा। किसीप्रकार की संयाचना करने से अभ्यर्थितानिरर्हहो जाएगी।

iii. आवश्यक योग्यता प्राप्त करने के बाद प्राप्त अनुभव को ही कुल अनुभव में संचित किया जाएगा।

iv. चयनित उम्मीदवारों को भारत सरकार की अपेक्षाओं के अनुसार कहीं भी तैनात किया जा सकता है।

v. नियुक्ति की अवधि और शर्त समय-समय पर यथासंशोधित कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 5 जनवरी, 1994 के का.ज्ञा.सं. 2/29/91-स्था (वेतन.।।) के अनुसार होंगी।

vi. दस्तावेजों द्वारा विधिवत समर्थित आवेदन का मूल्यांकन चयन समिति द्वारा प्रतिनियुक्ति के (अल्पकालिक अनुबंध सहित) आधार पर नियुक्ति के लिए उम्मीदवारों का चयन करते समय किया जाएगा। पदों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को बाद में अपनी उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

vii. इन पदों पर चयनित अभ्यर्थियों द्वारा उनकी नियुक्ति की औपचारिकता पूरी होते ही या वर्तमान पदधारी के पद छोड़ते ही, जो भी बाद में हो, कार्यभार ग्रहण करना अपेक्षित है। तदनुसार अभ्यर्थियों से ब्रीफिंग/अभिविन्यास कार्यक्रम आदि के लिए उपलब्ध होने की प्रत्याशा की जाती है।

8. **आवेदन कैसे करें**: आवेदन प्रक्रिया में दो चरण शामिल हैं:

**क. ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र भरना**

(क) योग्य उम्मीदवारों के लिए अपेक्षित है कि वे वैध ईमेल आईडी का उपयोग करके केवल **ऑनलाइन** पोर्टल https://recruitment.dst.gov.in/ के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करें।

आवेदन करने के लिए यह ऑनलाइन पोर्टल एम्प्लॉयमेंटन्यूज/रोजगारसमाचार में विज्ञापन की तिथि से 45 दिनों की अवधि के लिए उपलब्ध रहेगा।

(ख) उम्मीदवार से अपेक्षित है कि वह ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र भरें और संबंधित प्रमाणपत्र / दस्तावेज अपलोड करें। आवेदन प्रपत्र भरने का निर्देश https://recruitment.dst.gov.in/ पर उपलब्ध है।

**टिप्पणी 1:**विदेशी विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा जारी प्रमाणपत्र को भारतीय विश्वविद्यालयसंघ (एआईयू), नई दिल्ली द्वारा समतुल्यता प्रमाणपत्र के रूप में प्रमाणित किया जाना होगा। हालांकि, ऐसे मामले में जहां एआईयू उन विषयों में विदेशी विश्वविद्यालयों द्वारा प्रदान की गई ऐसी पेशेवर डिग्री की समतुल्यता के आवेदनों पर विचार नहीं करता है जो वर्तमान में एआईयूके कार्यक्षेत्र से बाहर हैं औरजहां ऐसे मामलों पर संबंधित पेशेवर परिषदों (भारत सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त) द्वारा कार्रवाई की जाती है, वहाँ आवेदक को ऐसी पेशेवर परिषद द्वारा जारी समतुल्यता प्रमाण पत्र अपलोड करने की आवश्यकता है। उम्मीदवारों को आवश्यकतानुसार अपने सभी मूल प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने होंगे।

**टिप्पणी 2:**ऐसे मामलों में जहाँ आवेदक इस समय राज्य सरकार / पीएसयू / स्वायत्त संगठन/विश्वविद्यालय आदि में कार्यरत हो, जहां वेतनमान केंद्र सरकार के वेतनमान के समरूप नहीं है, वहाँ आवेदक को उस राजपत्र अधिसूचना/ सरकारी आदेश को अपलोड करना होगा जिसमें राज्य सरकार/ पीएसयू / स्वायत्त संगठन/विश्वविद्यालय आदि में देय वेतनमान को केंद्र सरकार में सातवें सीपीसी के तत्समान वेतनमान/ स्तर के बराबर कर दिया गया हो। इस संबंध में, ऐसी समतुल्यता मुहैया कराने का दायित्व आवेदक का होगा और ऐसे मामलों में विभाग का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

**टिप्पणी 3:अनुभव/रोजगार प्रमाणपत्र/कार्य /अनुसंधान कार्य के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र में कार्य ग्रहण की तिथि, कार्यमुक्ति की तिथि और धारित पद का स्पष्ट रूप से उल्लेख होना चाहिए।**

**ख: पंजीकृत या स्पीड पोस्ट द्वारा आवेदन की हार्ड कॉपी प्रस्तुत करना:**

7. आवेदक द्वारा कंप्यूटर जनित आवेदन (अभ्यर्थी द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित) की हार्ड प्रति ली जानी चाहिए। संलग्न दस्तावेज़/प्रमाण पत्र के प्रिन्ट आउट को आवेदन की हार्ड कॉपी के साथ अग्रेषित करना अपेक्षित नहीं है।
8. सरकारी विभागों/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/ स्वायत्त संगठनों/ विश्वविद्यालयों/ मान्यता प्राप्त शोध संस्थानों में कार्यरत उम्मीदवारों को **अपने विधिवत हस्ताक्षरित आवेदन की हार्ड प्रति**

**उचितमाध्यमसे प्रेषित करना चाहिए।** ऐसे आवेदनों पर तभी विचार किया जाएगा, जब वे निर्धारित समय सीमा के भीतर विहितसंरूप **(**अनुलग्नक- **I)** में सक्षम प्राधिकारी द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित 'प्रमाणपत्र' के साथ उचित माध्यम से प्राप्त होंगे।

9. अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर **विचार नहीं किया जाएगा**, भले ही ऑनलाइन आवेदन अंतिम तिथि से पहले भरा गया हो। इसलिए, ऐसे उम्मीदवारों की जिम्मेदारी है कि वे अपने विभाग/संगठन में अपने आवेदनों का अनुवर्तन करें और सुनिश्चित करें कि उनके संपूर्ण रूप में भरे हुए और उनके सक्षम प्राधिकारी द्वारा विधिवतरूप से सत्यापित आवेदन इस विभाग में निर्धारित समय सीमा के भीतर प्राप्त हो जाएं। साथ ही, किसी भी रूप में अपूर्ण आवेदनों को सरसरी तौर पर अस्वीकृत कर दिया जाएगा। डाक में देरी या संबंधित अग्रेषणप्राधिकारी द्वारा अग्रेषण में देरी आदि सहित किसी भी कारण से आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। **इस संबंध** में कोई रियायत नहीं दी जाएगी।
10. पिछले पांच वर्षो के एसीआर/एपीएआर की अनुप्रमाणित प्रतियों के साथ उम्मीदवार द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित आवेदन पत्र अवरसचिव (स्थापना- III), विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, प्रौद्योगिकी भवन, नया महरौली रोड, नईदिल्ली-110016 को पंजीकृत डाक द्वारा या स्पीड पोस्ट द्वारा 15 दिनों (असम, मेघालय, अरुणाचलप्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश के लद्दाख, लाहौल और स्पीति जिले और चंबा जिले के पांगी उपमंडल, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप के उम्मीदवारों हेतु 30 दिन) के अंदर ऑनलाइन पोर्टल के बंद करने की अंतिम तिथि (अर्थात इम्प्लॉइमन्ट न्यूज/ रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 45 दिन), के अंदर उचित माध्यम से अग्रेषित किया जाना अपेक्षित है। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे सामान्य डाक या कुरियर के माध्यम से आवेदन न भेजें।
11. निर्धारित समय और तिथि के भीतर प्राप्त आवेदनों की सूची आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के बाद डीएसटी की वेबसाइट पर पोस्ट की जाएगी। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपने आवेदनों की स्थिति की जांच करें। वेबसाइट पर सूची पोस्ट करने की तारीख के सात दिनों के भीतर इस संबंध में कोई भी अभ्यावेदन (निर्धारित समय सीमा के भीतर प्राप्त आवेदनों की सूची में नाम शामिल न होना) निर्धारित समय सीमा के भीतर विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग में आवेदन सुपुर्दगी के संगत प्रमाण प्रस्तुत किया जा सकता है।
12. विज्ञापन के अंग्रेजी और हिंदी अनुवादों के बीच किसी भी विसंगति के मामले में, विज्ञापन का अंग्रेजी अनुवाद अभिभावी होगा। आवेदनों की अग्रिम प्रतियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

Signed by Gautam Govind
Date: 02-02-2023 11:55:00
Reason: Approved

**(गौतम गोविंद)**

**अवर सचिव, भारत सरकार**

–

–

**अनुलग्नक-I**

**प्रमाण-पत्र**
**(संगठन/कार्यालय प्रमुख द्वारा जारी किया जाए)**

i. प्रमाणित किया जाता है कि डा./श्री/श्रीमती/सुश्री ................................ ने दिनांक ................ को इस संगठन में ............. पद पर कार्यभार ग्रहण किया और वे वर्तमान मेंपद पर............. कार्य कर रहे हैं/रही हैं।
ii. प्रमाणित किया जाता है कि इनके विवरणों को सत्यापित कर लिया गया है और उन्हें सही पाया गया है। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि अधिकारी के विरुद्ध कोई अनुशासनिक/सतर्कता कार्यवाही लंबित अथवा अवेक्षित नहीं है। अधिकारी की सत्यनिष्ठा भी प्रमाणित है।
iii. डा./श्री/ श्रीमती/सुश्री .................. के आवेदन की अनुशंसा की जाती है। उनका चयन हो जाने पर विभाग/संगठन उन्हें भारमुक्त कर देगा।
iv. विगत पांच वर्षो की एसीआर/एपीएआर की प्रतियां भी संलग्न हैं।

**संगठन/ कार्यालय प्रमुख**
**के हस्ताक्षर एवं कार्यालय की मुहर**

स्थान:

दिनांक: